NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-292, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 02 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# पश्चिम बंगाल: 15 बूथों पर दोबारा वोटिंग जारी

## डायमंड हार्बर में ईवीएम में खराबी का दावा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर के 4 और मगरहाट पश्चिम के 11 बूथों पर शनिवार सुबह 7 बजे से दोबारा मतदान जारी है। वोटिंग शाम 6 बजे तक होगी। डायमंड हार्बर के रॉयनगर प्राइमरी स्कूल में बूथ नंबर 243 पर एक वोटर ने शिकायत में कहा- यहां पर ईवीएम खराब है, हम आधे घंटे से ज्यादा समय से वोट डालने का इंतजार कर रहे हैं।



सुबह 9 बजे तक मगरहाट में 16.68%, डायमंड हार्बर में 15.83% वोटिंग हुई है। दरअसल, 29 अप्रैल को इन बूथों पर दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान ईवीएम से छेड़छाड़ और झड़प की शिकायत मिली थी। इसके चलते दोबारा वोटिंग का फैसला लिया गया। ये सभी बूथ दक्षिण 24 परगना जिले में आते हैं।

वहीं, टीएमसी ने कोलकाता खुदीराम अनुशीलन केंद्र के रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी का दावा है कि पोस्टल बैलेट कवर से छेड़छाड़ हुई है। राज्य की सभी 294 सीटों पर रिकॉर्ड 92.84% वोटिंग हुई। 23 अप्रैल को फर्स्ट फेज की 152 सीटों पर 93.19% मतदान हुआ था। 29 अप्रैल को सेकेंड फेज की 142 सीटों पर 92.48% वोट पड़े। रिजल्ट 4 मई को आएंगे।

भाजपा नेता केया घोष ने कहा- जहां भी टीएमसी ने वोटिंग में धांधली करने, बूथ कैप्चरिंग करने या ईवीएम से छेड़छाड़ करने की कोशिश की, वहां रीपोलिंग की मांग उठाई गई। इसलिए इलेक्शन कमीशन ने इन रीपोल के लिए इंतजाम किए हैं। हालांकि, इससे एक बात बिल्कुल साफ हो जाती है कि यह पश्चिम बंगाल की असली हालत, खासकर इस इलाके में डेमोक्रेसी की हालत को दिखाता है। यहां वोट चोरी, बूथ जैमिंग और बूथ धांधली पश्चिम बंगाल में हमेशा से आम रही है।

केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती के खिलाफ टीएमसी की अपील खारिज

# यह चुनाव आयोग का अधिकार, इस पर अलग आदेश की जरूरत नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले टीएमसी को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग द्वारा वोटों की गिनती के लिए मुख्य रूप से केंद्र सरकार और पीएसयू के कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस अहम मुद्दे को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने आज टीएमसी की याचिका पर सुनवाई की। विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने



कोई भी नया आदेश पारित करने से साफ इनकार कर दिया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह अपने 13 अप्रैल के परिपत्र (सर्कुलर) का पूरी तरह से पालन करेगा।

तृणमूल कांग्रेस के मुताबिक, इस सर्कुलर में मतगणना प्रक्रिया में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ राज्य सरकार के कर्मचारियों की तैनाती का भी प्रावधान है। चुनाव आयोग के वकील के इस बयान के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने केवल यह दोहराया कि चुनौती दिए गए सर्कुलर को लागू किया जाएगा और मामले में आगे कोई अन्य आदेश देने से मना कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार हैं।

# पागल ईरान के हाथ में एटम बम नहीं दे सकते: ट्रम्प

## जंग रोकने का ईरानी ऑफर फिर ठुकराया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। इसी वजह से अमेरिका को ईरान के खिलाफ जंग में उतरना पड़ा।




अगर हम ऐसा नहीं करते, तो उनके पास परमाणु हथियार होता और इजराइल, मिडिल ईस्ट और यूरोप तबाह हो जाते। हम ऐसे पागलों के हाथ में परमाणु हथियार नहीं जाने दे सकते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने मिडिल ईस्ट को एक परमाणु खतरे से बचा लिया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने जंग रोकने के लिए ईरान का ऑफर फिर से ठुकरा दिया है। इससे पहले ईरान 26 और 27 अप्रैल को भी अपना प्रस्ताव भेज चुका है जिसे वे ठुकरा चुके हैं।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक ईरान ने अपने नए प्रस्ताव में परमाणु मुद्दे का जिक्र नहीं किया है, इससे ट्रम्प नाखुश हैं। वहीं ईरान का कहना है कि होर्मुज को तुरंत खोलना चाहिए, परमाणु मुद्दे पर बाद में बातचीत होगी। जबकि ट्रम्प चाहते हैं कि दोनों चीजें एकसाथ हों। ट्रम्प कह चुके हैं कि ईरान को बातचीत के लिए आने से पहले एनरिच्ड यूरेनियम को सौंपना होगा।

# सांसद संदीप पाठक पर पंजाब में 2 एफआईआर

**चंडीगढ़।** हाल ही में आम आदमी पार्टी छोड़कर बीजेपी में आए राज्यसभा सांसद संदीप पाठक पर पंजाब में 2 एफआईआर दर्ज हुई हैं। संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब के 2 अलग-अलग जिलों में एफआईआर रजिस्टर की गई हैं। दोनों ही एफआईआर गैर-जमानती धाराओं में उनके खिलाफ दर्ज हुई हैं। बता दें कि अब संदीप पाठक पर गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच, संदीप पाठक अपने दिल्ली के घर से जल्दबाजी में निकलते नजर आए। राघव चड्ढा के साथ अअढ से बागवत कर संदीप पाठक, बीजेपी में आए हैं। इस दौरान, संदीप पाठक का पहला रिएक्शन भी सामने आया है। संदीप पाठक ने कहा कि मुझे ऐसी किसी एफआईआर की कोई जानकारी नहीं है, न ही किसी पुलिस अफसर ने मुझको इस बारे में सूचित किया है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी ईमानदारी और निष्ठा के साथ देश की सेवा में बिताई है। भारत, किसी भी पार्टी से बड़ा है।



# यूपी-बिहार समेत 9 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## कश्मीर में लैंडस्लाइड के बाद डोडा-किश्तवाड़ रोड बंद; एमपी के 21 जिलों में बारिश





**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से राहत मिलेगी। देश के 9 राज्यों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। इससे तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होगी।

कश्मीर की चिनाब घाटी में लैंडस्लाइड के कारण डोडा-किश्तवाड़ रोड पूरी तरह बंद हो गई है। सड़क पर मलबा आने की वजह से 100 से ज्यादा गाड़ियां जाम में फंस गई हैं। मलबे को हटाने के लिए मशीनें और कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। उरई 41.6 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म शहर है, जबकि हरदोई में न्यूनतम तापमान सबसे कम 17 डिग्री सेल्सियस रहा।

मध्य प्रदेश में तेज गर्मी के दौर के बीच आंधी-बारिश होने के साथ ओले भी गिर रहे हैं। मौसम विभाग ने शनिवार को ग्वालियर समेत 21 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 30 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। पिछले दो दिन में प्रदेश के 35 जिलों में बारिश, ओले या फिर आंधी चल चुकी है।

बिहार में भी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। कैमूर में शुक्रवार को बिजली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई।

राजस्थान में आंधी-बारिश के बीच गर्मी भी जारी है। शुक्रवार को बाड़मेर और बीकानेर में दिन का तापमान 44 डिग्री के ऊपर पहुंच गया। ज्यादातर शहरों में तापमान 40त्उ से ऊपर रहा। मौसम विभाग ने अगले तीन-चार दिनों के लिए 16 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

### मई में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने मई में देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने और कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान जताया है। साथ ही अलग-अलग इलाकों में टेम्परेचर मिला-जुला रहेगा। वहीं गुजरात और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में हीटवेव की स्थिति सामान्य से ज्यादा रहने की आशंका है। असम, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल के कुछ अलग-अलग स्थानों पर (7-20एमएम) बारिश दर्ज की गई है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना के कई इलाकों में ओलावृष्टि हुई है।

बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखंड, ओडिशा, असम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की अलग-अलग जगहों पर आंधी-तूफान आया।

### अगले 2 दिन के मौसम का हाल

**3 मई:** पाकिस्तान से सटे राजस्थान में लू चलेगी। साथ ही आंधी-बारिश का भी अलर्ट है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, झारखंड, बंगाल, दक्षिण कर्नाटक में आंधी बारिश का यलो अलर्ट है।

सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर मिजोरम, त्रिपुरा, तमिलनाडु और केरलम में भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है।

**4 मई:** जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और केरलम में बारिश होगी।

बंगाल, असम, मेघालय और सिक्किम में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

पश्चिमी राजस्थान में लू का अलर्ट है, वहीं तमिलनाडु पुडुचेरी में उमस भरा मौसम रहेगा।

## दूल्हे का कत्ल: बरात लेकर पांच किमी दूर ही पहुंचा, गोलियों से भूना



**जौनपुर।** खेतासराय थाना इलाके के बादशाही बाजार में शुक्रवार की रात करीब नौ बजे बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने शादी के लिए जा रहे दूल्हे आजाद बिंद (25) की गाड़ी को ओवरटेक कर गोली मार कर हत्या कर दी और वारदात को अंजाम देने के बाद जौनपुर की तरफ भाग निकले।

घर से पांच किमी दूर दूल्हे की हत्या के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर देर रात तक सर्किल के सभी थानों की फोर्स तैनात रही। घटना के कारण को लेकर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। सरायख्वाजा थाना इलाके के बडौर गांव निवासी आजाद बिंद (25) पुत्र रामलखन बिंद की बरात दस किमी दूर खेतासराय थाना क्षेत्र के बीबीपुर जम जमदहां गोरखनाथ बिंद के घर जा रही थी। बरात करीब पांच किमी दूर आगे बादशाही बाजार पहुंची थी।

आरोप है कि पहले से घात लगाए अपाची बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने ओवरटेक कर दूल्हे पर तमंचे से तीन राउंड फायरिंग की, जो दूल्हे को लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बराती जब तक कुछ समझ पाते हमलावर जौनपुर की तरफ भाग निकले।

वहीं, गोली लगने से दूल्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी ले जाया गया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि शव को संरक्षण में लेकर जांच की जा रही है। दूल्हे आजाद की हत्या की खबर से दुल्हन पक्ष के लोग रात करीब साढ़े नौ बजे तक अनजान रहे। वे बरात के स्वागत की तैयारी में जुटे थे। जैसे ही वारदात की जानकारी मिली, वहां हड़कंप मच गया।

## कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की तबीयत बिगड़ी, मेदांता में भर्ती



**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की शुक्रवार शाम को अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें लखनऊ के कार्पोरेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। उन्हें अब किसी तरह का खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शुक्रवार को कार्यालय में बैठे थे। उन्हें कुछ कमजोरी लगी। वे आवास पर चले गए। कुछ देर बाद अचानक वे बेहोश हो गए। आनन फानन उन्हें शहीद पथ स्थित कॉर्पोरेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक सोडियम कम होने की वजह से वह बेहोश हो गए थे।

डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है। उन्हें अब किसी तरह का खतरा नहीं है। हालांकि कमजोरी बनी हुई हुई है। उन्हें अभी निगरानी में रखा गया है। एहतियात के तौर पर कुछ जरूरी जांचें सुबह दोबारा कराई जाएंगी। फिर उसी आधार पर आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## पुणे में 4 साल की मासूम से दरिंदगी के बाद हत्या

**पुणे।** 1 मई को एक ओर जहां पूरे राज्य में महाराष्ट्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया, तो वहीं दूसरी तरफ, पुणे से एक झकझोर देने वाली खबर सामने आई। पुणे के भोर तालुका में एक 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई है। इस घिनौनी वारदात को 65 साल के एक शख्स ने अंजाम दिया। इस घटना से पूरे इलाके में गुस्से की लहर है और आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर बच्ची का शव थाने के बाहर रख दिया। इस वारदात को लेकर मिली जानकारी के अनुसार, यह हृदयविदारक घटना पुणे के भोर तालुका के नसरापुर गांव में हुई, जहां 65 वर्षीय आरोपी घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची को बहला-फुसलाकर एक तबेले में ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और फिर उसकी पहचान छिपाने या पकड़े जाने के डर से पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी।

## हैदराबाद में कार ने लॉरी में मारी टक्कर, 6 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां आउटर रिंग रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी 'लॉरी' को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि छह लोगों की इस हादसे में मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे लॉरी पर लदे माल की रस्सी कसने के लिए लॉरी को रोका गया था। हालांकि इसी दौरान कार ने पीछे से लॉरी में टक्कर मार दी। कार में कुल 7 लोग सवार थे। इस हादसे में 6 की मौत हो गई, जबकि एक घायल है।

पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला और तीन बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि माल को सुरक्षित रखने वाली रस्सियों को कसने के लिए लॉरी को सड़क किनारे रोककर रखा गया था। पुलिस ने बताया कि एक परिवार के सात सदस्य कार से सफर कर रहे थे। उसने बताया कि एक घायल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है तथा उसकी स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। पुलिस ने बताया कि यह परिवार यादद्रि-भुवनगिरि जिले में एक मंदिर में दर्शन करने के बाद अपने घर संतननगर लौट रहा था।

पुलिस के मुताबिक हादसे में हताहत हुए लोग राजन्ना सिरसिल्ला जिले के सिरसिल्ला कस्बे के रहने वाले थे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
शनिवार, 02 मई, 2026


# बंद कमरे में मिली प्रेमी-प्रेमिका की लाश





## फंदे पर लटका मिला युवक का शव, फर्श पर मृत पड़ी थी युवती ; जांच में जुटी पुलिस

एनएनआई

**मथुरा।** वृंदावन के पानीघाट क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई,जब एक बंद कमरे में एक युवती व एक युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा खुलवाकर अंदर का दृश्य देखा, जहां युवक का शव फंदे से लटका हुआ था और युवती नीचे पड़ी हुई थी।

पुलिस ने तत्काल शवों को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। मृतकों की पहचान राधिका निवासी जमुनापार व सुभाष निवासी छाता के रूप में हुई है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पड़ोसियों के अनुसार युवती विगत कई साल से उक्त मकान में किराए में कर रह रही थी।

# ताज एक्सप्रेस पर लोहे का पाइप फेंका, खिड़की तोड़ आया अंदर, यात्रियों के आई चोटें

एनएनआई

**कोसीकलां (मथुरा)।** होडल-कोसीकलां रेलवे स्टेशन के बीच किसी ने चलती ताज एक्सप्रेस की इमरजेंसी खिड़की पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। इससे कोच में सफर कर रहे दंपती घायल हो गए।

घायल यात्री को परिवार के लोग निजी अस्पताल ले गए हैं। आरपीएफ और जीआरपी ने जांच शुरू कर दी है। रेलवे पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है।

नई दिल्ली से ग्वालियर जा रही ताज एक्सप्रेस में दक्षिणी दिल्ली के शक्ति विहार निवासी राजेश अग्रवाल अपने परिवार के साथ सफर कर रहे थे। सुबह 8.53 बजे होडल स्टेशन पार करने के बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने चलती ट्रेन पर ढाई फीट लंबे और लगभग 2 इंच मोटा पाइप से इमरजेंसी खिड़की पर प्रहार कर दिया। पाइप खिड़की का शीशा तोड़ते हुए अंदर आ गिरा।

जिससे राजेश अग्रवाल के चेहरे और कंधे पर गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी खुशबू और अन्य यात्रियों को भी हल्की चोटें आईं। घटना से रेलवे अधिकारियों में खलबली मच गई। रेलवे अधिकारियों ने घायल यात्री को कोच से उतारकर तत्काल रेलवे डाक्टर से प्राथमिक उपचार दिलाया। स्वजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए।

जीआरपी मथुरा के उप निरीक्षक गौरव माल्या अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल यात्री ने कानूनी कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है, जिस पर जीआरपी द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जीआरपी ने पाइप को कब्जे में ले लिया है। रेलवे और जीआरपी जांच कर रही है।







# फिरोजाबाद में कपड़े की दुकान में भीषण आग


## ऊपर फंसे 7 लोगों को सुरक्षित निकाला, दमकलों ने पाया आग पर काबू

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर क्षेत्र स्थित कोटला रोड के नगला करन सिंह में शुक्रवार देर रात एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। आग ग्राउंड फ्लोर पर बनी दुकान में लगी, जिसके ऊपर फर्स्ट फ्लोर पर परिवार के सदस्य निवास कर रहे थे। आग की लपटें तेज होने के कारण ऊपर मौजूद सात लोग फंस गए।

सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अग्निशमन दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीढ़ियों की मदद से दुकान के ऊपर फंसे सभी सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

अग्निशमन अधिकारी सत्येंद्र पांडे ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से एक यूनिट तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना की गई। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर कपड़े की दुकान थी, जबकि उसके ऊपर आवासीय परिसर था। फायर टेंडर की सहायता से आग पर काबू पाया गया और उसे आसपास की अन्य दुकानों तक फैलने से रोका गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।





# युवक ने अश्लील फोटो दिखाकर तुड़वाई युवती की शादी, मुकदमा

एनएनआई

**हाथरस।** सासनी क्षेत्र में एक युवक पर युवती की शादी तुड़वाने का आरोप लगा है। युवक ने युवती की होने वाली ससुराल पक्ष को अश्लील फोटो और वीडियो दिखाकर रिश्ता खत्म करवा दिया। पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी है। गांव का ही आशिव पुत्र अजमत उर्फ पप्पू उनकी बेटी को लंबे समय से परेशान कर रहा था। आरोपी उनकी बेटी पर जबरन शादी करने और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। पिता के अनुसार, उन्होंने अपनी बेटी का रिश्ता अलीगढ़ में तय किया था। लेकिन, आरोपी आशिव ने युवती के होने वाले ससुराल पक्ष के लोगों को अश्लील फोटो और वीडियो दिखाए और धमकी देकर यह रिश्ता तुड़वा दिया। इसके बाद, 15 अप्रैल को पीड़ित ने अपनी बेटी की शादी जंक्शन क्षेत्र के एक गांव में कर दी। अब आरोपी आशिव पीड़िता की बेटी और उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहा है। वह अश्लील वीडियो भेजकर उनसे रिश्ता खत्म करने की बात कह रहा है, जिससे परिवार काफी परेशान है।

**पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल**

पीड़ित ने यह भी बताया कि 28 अप्रैल को पुलिस ने आरोपी का शांति भंग के आरोप में चालान किया था, लेकिन कुछ समय बाद उसे छोड़ दिया गया। रिहा होने के बाद आरोपी घर आकर धमकी दे रहा है कि "तुमने मेरा क्या बिगाड़ लिया। अगर वह मेरी नहीं हुई तो किसी और की नहीं होने दूंगा।" वह लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस अब इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# होटल में निजी कंपनी के अधिकारी की मौत, महिला सहकर्मी की हालत बिगड़ी

एनएनआई

**आगरा।** ताजगंज थाना क्षेत्र में होटल द ताज कंवेंशन में एक निजी कंपनी के अधिकारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। अधिकारी अपने दो सहकर्मियों के साथ आगरा आए थे। तीनों कंपनी के मामले में आगरा जांच करने आए थे। शुक्रवार देर शाम जब अधिकारी अपनी महिला सहकर्मी के कमरे में गए तो उनकी हालत बिगड़ गई। महिला कर्मचारी ने शोर मचाया तो होटल के कर्मचारी पहुंचे। तुरंत ही महिला और अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर्स ने अधिकारी को मृत घोषित कर दिया। महिला कर्मचारी को प्राथमिक उपचार दिया गया। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह पता चलेगी। ताजगंज थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह सिरोही ने बताया कि मृतक की पहचान अशोक यादव (48) निवासी गुरुग्राम के रूप में हुई है। वह एक कंपनी में पाइरेसी रोकने के लिए अधिकृत अधिकारी थे। गुरुग्राम से महिला सहकर्मी और पुरुष सहकर्मी के साथ फिरोजाबाद जांच के सिलसिले में गए थे। उन्होंने नेटवर्क चोरी के मामले में पुलिस से मुलाकात की थी इसके बाद शुक्रवार दोपहर में आगरा आए। जहां पर शिल्पग्राम के पास होटल ताज कंवेंशन में पहुंचे। वहां तीनों ने अलग-अलग कमरे बुक किए। शुकवार शाम करीब 7 बजे सूचना मिली कि होटल में ठहरे एक पर्यटक की हालत बिगड़ी है। इस पर पुलिस होटल पहुंची। होटल के कर्मचारी और सहकर्मी तत्काल अशोक यादव को निजी अस्पताल ले गए थे। जहां से एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह सिरोही ने बताया कि एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में डॉक्टर्स ने अशोक यादव को मृत घोषित कर दिया। इस पर पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि अशोक यादव शाम करीब 7 बजे अपनी महिला सहयोगी के कमरे में पहुंचे थे। तभी उनकी हालत बिगड़ी। यह देखकर सहयोगी ने अपने दूसरे कर्मचारी को बताया। अधिकारी की तबीयत खराब होने से महिला कर्मचारी की हालत खराब हो गई। उसे भी प्राथमिक उपचार दिया गया है।

# गला रेता, पत्थर से कुचला सिर

## तरबूज तोड़ने पर 13 वर्षीय मासूम को दी खौफनाक मौत

एनएनआई

**आगरा।** बसई थानाक्षेत्र के रंधीरपुरा में मामूली बात पर 13 वर्षीय अमृत की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बताया गया कि किशोर ने खेत से तरबूज तोड़ लिया था। विवाद में पहले उसका गला रेत देने फिर सिर में भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या करने की आशंका जताई गई है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में तनाव है और अतिरिक्त पुलिस बुला ली गई है।

रंधीरपुरा निवासी नरेश कुशवाह का 13 साल का बेटा अमृत दोपहर को खेत पर गया था। शाम करीब 5 बजे तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। अमृत की बहन जब उसे ढूंढते हुए खेत में पहुंची तो वहां पर शव पड़ा देखकर चीखने लगी। अमृत खून से लथपथ पड़ा था, पास ही एक थैली में तरबूज और एक चाकू भी पड़ा मिला।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी





संख्या में ग्रामीण आ गए। वहीं सूचना पर पुलिस फोर्स भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को उठाने का प्रयास किया। मगर आक्रोशित परिजन ने शव को उठाने देने से मना कर दिया। पुलिस की गाड़ी के आगे धरने पर बैठ गए। पिता नरेश का आरोप है कि खेत को बंटाई पर लेने वाले लोगों ने ही तरबूज तोड़ने के मामूली विवाद में उनके बेटे की हत्या कर दी है।

रात साढ़े आठ बजे तक परिजन और ग्रामीण खेत पर ही डटे रहे। मामले की गंभीरता और बढ़ते तनाव को देखते हुए डीसीपी पश्चिमी जोन आदित्य कुमार ने भारी पुलिस बल को बुला लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बात की। समझाने का प्रयास किया। आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीसीपी ने पीड़ित परिवार को निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनाथ सिकरवार भी मौके पर पहुंचे। डीसीपी पश्चिमी जोन आदित्य कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुछ संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया तरबूज तोड़ने के विवाद में हत्या की बात कही गई है। हालांकि अभी पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन किया जाएगा।

# मयंक तिवारी को बनाया गया एसीपी ताज सुरक्षा

एनएनआई

**आगरा।** एसीपी मयंक तिवारी को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है एसीपी मयंक तिवारी को अब ताज सुरक्षा का एसीपी बनाया गया है। इससे पहले एसीपी ताज सुरक्षा का चार्ज पीयूष राय कांत के पास था। एसीपी ताज सुरक्षा के सामने पर्यटकों की सुरक्षा,व पर्यटकों को लपको से बचाने की चुनौती रहेगी ,गर्मी के मौसम में पर्यटकों की घटती संख्या के बीच पर्यटकों को होने वाली असुविधाओ को भी दूर करने की चुनौती रहेगी। एसीपी मयंक तिवारी के चार्ज लेते ही पांच सितारा होटल में निजी कंपनी के अधिकारी की संदिग्ध मौत हो गई जिससे ये स्पष्ट है कि एसीपी ताज सुरक्षा का चार्ज चुनौतियों से भरा हुआ है। हालांकि परशुराम चौक विवाद में एसीपी मयंक तिवारी ने बड़ी ही सूझबूझ से मामले को शांत कराया था जिससे उन्होंने काफी सुर्खियां बटोरी थी। एसीपी लोहामंडी (अउढ छहूँ टंल्ल्) के पद पर तैनात रहते उन्होंने लोहामंडी क्षेत्र में जनसुनवाई और प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों को संभालने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# साली की शादी में पत्नी को मारी गोली, फिर खुद को कर लिया शूट

एनएनआई

**आगरा।** थाना खेरागढ़ के गांव बरबर निवासी एक युवक ने शुक्रवार को अपनी ससुराल राजस्थान के भरतपुर जिले के रूपवास क्षेत्र के गांव सिंघावली में पहुंचकर खूनी खेल खेल दिया। चचेरी साली की शादी के समारोह के बीच युवक ने पहले अपनी पत्नी को गोली मारी और फिर खुद को भी गोली से उड़ा लिया। इस दिल दहला देने वाली घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

गांव बरबर निवासी राघवेंद्र (31 वर्ष) की शादी करीब 5 वर्ष पूर्व रूपवास के गांव सिंघावली निवासी राधिका (28 वर्ष) के साथ हुई थी। दोनों का एक तीन वर्षीय बेटा है। बताया गया है कि राधिका 30 अप्रैल को अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने मायके आई थी। शुक्रवार दोपहर राघवेंद्र भी ससुराल पहुंचा और लगन कार्यक्रम के दौरान सभी से हंसी-खुशी मिला। कार्यक्रम के बीच ही राघवेंद्र अपनी पत्नी राधिका को बहाने से घर के एक कमरे में ले गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।

वहां उसने अचानक तमंचे से राधिका पर फायर कर दिया और फिर खुद की कनपटी पर गोली मार ली।

गोलियों की आवाज सुनकर जब परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे, तो दोनों लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़े थे। राघवेंद्र की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। परिजन ने आनन-फानन में राधिका को रूपवास अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर हालत में जयपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। सूचना पर पहुंची रूपवास पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार देर शाम जब राघवेंद्र का शव गांव बरबर पहुंचा, तो पूरे गांव में मातम छा गया।

# मैरिज होम में पुलिस के संग पहुंची पहली पत्नी, भाग खड़ा हुआ दूल्हा

## दुल्हन ने बहन के देवर संग लिए सात फेरे

एनएनआई

**एत्मादपुर।** बीती रात नगर के एक मैरिज होम में चल रहे विवाह समारोह में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब लगुन-सगाई के बाद घुड़चढ़ी से पहले दूल्हे की पहली पत्नी पुलिस और परिजनों संग आ धमकी। महिला को देखकर टूंडला से बारात लेकर आया दूल्हा मैरिज होम के पिछले दरवाजे से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से दूल्हे के भाई और पिता को हिरासत में ले लिया। रात डेढ़ बजे थाना पुलिस की मौजूदगी में आपसी सुलह समझौता होने पर आज सुबह दुल्हन का विवाह उसकी बड़ी बहन के देवर संग करा दिया गया।

मामला नगर की मॉडल सड़क बरहन रोड स्थित दुर्गा मैरिज होम का है। मैनपुरी के करहल थाना क्षेत्र के गांव की 29 वर्षीय पीड़िता को सुबह नोएडा में सूचना मिली थी कि उसका पति जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू पुत्र रामनरेश हाल निवासी स्टेशन रोड, मंगलम सिटी कालोनी टूंडला दूसरी शादी करने के लिए बारात लेकर जा रहा है। वह नोएडा से टैक्सी में आकर अपने पिता और परिजनों संग पति जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू के टूंडला स्थित घर पहुंची तो वहां ताला लटका मिला। टूंडला थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने जीतू का मोबाइल सर्विलांस पर लगा दिया। देर शाम उसकी लोकेशन एत्मादपुर की मिली। इस पर पीड़ित महिला ने परिजनों के संग नगर के एक-एक कर सभी मैरिज होम खंगाले। लेकिन कुछ पता नहीं




चला। इसी बीच पूर्व में एत्मादपुर थाने में तैनात रहे करहल के एक सिपाही की मदद से आखिरकार रात नौ बजे दुर्गा मैरिज होम में बारात आने का पता चल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उस वक्त लगुन-सगाई की रस्में पूरी हो चुकी थीं। घोड़ी और बैंड-बाजे वाले बारात चढ़ाई को तैयार खड़े थे। घराती-रिश्तेदारों की दावत चल रही थी। लेकिन महिला के पहुंचने पर कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान दूल्हा मैरिज होम के पिछले दरवाजे से भाग गया। कस्बा चौकी प्रभारी दीपक खोखर ने मौके से दूल्हे के तीन परिजनों को हिरासत में ले लिया। विवाह समारोह में खलल पड़ने पर नगर निवासी दुल्हन पक्ष सकते में आ गया। लेकिन धोखेबाज दुल्हा का सच सभी के सामने आ गया। सभी थाना पहुंचे तो पुलिस ने एक-एक पक्ष से पूछताछ की। बारात में आए बैंड के मालिक को दूल्हे के पिता ने पांच हजार रुपए देकर बिना बारात चढ़े वापस कर दिया। इसके बाद रात्रि डेढ़ बजे दुल्हन पक्ष को तीन लाख रुपए वापस करने की रजामंदी पर आपसी सहमति बनने पर सभी मैरिज होम आ गए। इसके बाद दूसरे दूल्हा की तलाश की गई। रात ढाई बजे दुल्हन की बड़ी बहन की ससुराल नगला नत्थू का बुर्ज (छलेसर) जाकर रिश्ते की बात बनने पर आज सुबह बैंड-बाजे संग घुड़चढ़ी की रस्म पूरी होने पर उसके देवर के साथ दुल्हन ने सात फेरे ले लिए। करहल निवासी पीड़िता के पिता ने बताया कि वर्ष 2018 में बेटी की शादी उन्होंने रिश्तेदारों के कहने पर जीतू के बड़े भाई अजय के साथ की थी। शादी के दस दिन बाद पता चला कि वह नामर्द है। इस पर सभी के समझाने पर देवर जितेन्द्र के साथ बेटी का विवाह कर दिया। वर्तमान में वह दोनों नोएडा में रहते थे। जीतू वहां से दस दिन पूर्व बहनोई की तबियत खराब होने का बहाना बनाकर टूंडला आ गया था। कल बेटी को किसी ने फोन कर बताया कि वह दूसरी शादी करने को बारात लेकर जा रहा है। इसके बाद वह एत्मादपुर पहुंचे। पुलिस ने दूल्हा पक्ष के साथ दुल्हन के विवाह में दिए जाने वाले सामान को मैरिज होम के एक कमरे में ताला लगाकर बंद कर दिया है। दुल्हन के परिजन ताला खोलने का इंतजार कर रहे हैं।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शनिवार, 02 मई, 2026


# आगरा में आकार लेने लगा 'गार्डन ऑफ नॉलेज' थीम पार्क

- 5 करोड़ की लागत से पालीवाल पार्क में विकसित हो रहे थीम पार्क का 80% काम पूरा
- वैदिक पार्क और आरोग्य वन में दिखेगी प्राचीन संस्कृति और विज्ञान की झलक
- ताजनगरी के बच्चों को खेल- खेल में मिलेगी प्रकृति और वेदों की जानकारी

एनएनआई



आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के चलते ताजनगरी आगरा में एक नई और अनूठी पहल साकार होने जा रही है। अब तक केवल ऐतिहासिक स्मारकों के लिए दुनिया भर में मशहूर यह शहर अब आधुनिक ज्ञान और प्राचीन संस्कृति के संगम के रूप में भी पहचाना जाएगा। आगरा के हृदय स्थल में स्थित ऐतिहासिक केडी पालीवाल पार्क को अब 'गार्डन ऑफ नॉलेज' के रूप में एक नया और भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और जल्द ही इसे बच्चों और युवाओं के लिए खोल दिया जाएगा।

लगभग 70 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैले इस पार्क को अब केवल सैर-सपाटे या ताजी हवा तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे एक बेहतरीन 'थीम पार्क' के रूप में विकसित किया जा रहा है। योगी सरकार की इस विशेष पहल से 'गार्डन ऑफ नॉलेज' मनोरंजन के साथ- साथ शिक्षा का एक ऐसा प्रमुख केंद्र बनेगा, जहां छात्र अपने किताबी ज्ञान को धरातल पर हकीकत में देख और समझ सकेंगे।

### आरोग्य वन' और 'वैदिक पार्क' होंगे मुख्य आकर्षण

इस थीम पार्क की सबसे बड़ी विशेषता यहां विकसित किए जा रहे आरोग्य वन और वैदिक पार्क हैं। 'वैदिक पार्क' के माध्यम से आज की नई पीढ़ी को वेदों के ज्ञान और हमारी समृद्ध प्राचीन विरासत से सीधे तौर पर परिचित कराया जाएगा। वहीं आरोग्य वन लोगों को सेहत और औषधीय पौधों के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस परियोजना की महत्ता को देखते हुए इसके पहले चरण के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। आगरा नगर निगम द्वारा इस कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा किया जा रहा है।

### 'स्मार्ट सिटी' के साथ-साथ 'नॉलेज सिटी' बनाने की दिशा में बड़ा कदम

परियोजना की प्रगति और इसके उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप हम आगरा को एक स्मार्ट सिटी के साथ- साथ 'नॉलेज सिटी' के रूप में भी तेजी से विकसित कर रहे हैं। पालीवाल पार्क में बन रहा 'गार्डन ऑफ नॉलेज' इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। इसका 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के करीब लाना और उन्हें खेल- खेल में विज्ञान तथा अपने वेदों से जोड़ना है। यह पार्क ताजनगरी के लिए ज्ञान और स्वास्थ्य का एक अनमोल उपहार साबित होगा।

# बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली शोभायात्रा, गूंजा शांति और समता का संदेश

- महामाया बुद्ध विहार ने निकाली बुद्ध शोभायात्रा

एनएनआई



आगरा। महामाया बुद्ध विहार की ओर से बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भगवान गौतम बुद्ध की जयंती की भव्य शोभायात्रा का आयोजन शाहगंज स्थित ग्यासपुरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी चौधरी महेंद्र सिंह द्वारा बौद्ध वंदना एवं फीता काटकर किया गया। अध्यक्ष राजा बाबू बौद्ध ने बताया कि यह शोभायात्रा भगवान बुद्ध के विचारों को समाज में प्रसारित करने का एक माध्यम है। शोभायात्रा निकाल कर बुद्ध के शांति, अहिंसा और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। शोभायात्रा ग्यासपुरा स्थित महामाया बुद्ध विहार से प्रारंभ होकर खतेना, जगदीशपुरा, मारुति स्टेट, प्रेमनगर, रामनगर, प्रकाश नगर, डिग्गी, नगला मोहन और पचकुइयां से होते हुए शाहगंज स्थित जूता मंडी प्रदर्शनी केंद्र पर जाकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस शोभायात्रा के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रो से लगभग 40 आकर्षक झांकियों ने भाग लिया। जिनमें भगवान बुद्ध के जीवन प्रसंग, उनके त्याग, ज्ञान प्राप्ति और उपदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। झांकियों के माध्यम से अहिंसा, करुणा, मैत्री और समता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

बुधम शरणम गच्छामि, संघम शरणम् गच्छामि और धम्म शर्म गच्छामि का जयघोष मार्ग में गूंजता रहा। इस अवसर पर प्रमुख उपासक संजय सिंह, नवल किशोर, नरेश बोद्ध, सुरेखा सिंह, ममता कुमारी, दीपू, बबलू, हैप्पी आदि मौजूद रहे।

# गर्मी में राहत को निकुंज ने शुरू की नि:शुल्क शीतल जल प्याऊ




एनएनआई

आगरा। भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद, निकुंज शाखा द्वारा यमुना किनारा रोड पर नि:शुल्क शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, पूर्व पार्षद दीपक खरे, उमेश बंसल, सीए विवेक अग्रवाल, रवि शिवहरे एवं धरमगोपाल मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद द्वारा कई वर्षों से मिनरल वाटर की प्याऊ का संचालन किया जा रहा है, जो गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत देने का कार्य करती है। प्रतिदिन लगभग चार से पांच हजार लोग इस सुविधा का लाभ उठाते हैं। यह पहल न केवल सेवा कार्य है, बल्कि जल संरक्षण का संदेश भी देती है। अध्यक्ष राजेश कुमार गर्ग ने बताया कि इस सेवा का उद्देश्य केवल पानी पिलाना ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना भी है। यह प्याऊ आगामी तीन माह तक निरंतर संचालित की जाएगी। कार्यक्रम की व्यवस्था संयोजक संजय अग्रवाल, आशीष गर्ग, कन्हैया अग्रवाल, दीपक शर्मा, कपिल गर्ग, रवी गर्ग, नितिन बंसल एवं लविश मंगल द्वारा संभाली गई। इस अवसर पर संरक्षक सुभाष कुमार वर्मा, सचिव श्रीभगवान सिंघल, कोषाध्यक्ष प्रवीण गर्ग, अनुज माहेश्वरी, कुलदीप माहेश्वरी, दिनेश भाटिया, दिलीप गुप्ता, रवि अग्रवाल, राहुल बंसल, प्रतीक गर्ग, रीतेश गर्ग, मोहन वर्मा, सीए कृष्णा मित्तल, विवेक अग्रवाल, पारस अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक और खेल प्रतिभाओं को मिलेगा भविष्य का मंच

- आगरा क्लब 'मे क्वीन बॉल' में लगेगा ग्लैमर का तड़का
- बाहरी प्रतिभाओं के लिए भी खुले क्लब के द्वार

एनएनआई



आगरा। आगरा क्लब एक बार फिर अपने प्रतिष्ठित आयोजन 'मे क्वीन बॉल' के माध्यम से शहर की प्रतिभाओं को निखारने जा रहा है। इस बार क्लब ने अपनी परंपरा में बड़ा बदलाव करते हुए शहर के अन्य युवाओं के लिए भी मंच खोल दिया है।

डायरेक्टर एंटरटेनमेंट कर्नल धर्मेंद्र सिंह ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि इस बार प्रतियोगिता के लिए एंट्रीज केवल क्लब मेंबर्स तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि बाहर से भी प्रविष्टियां ली जाएँगी। एक वर्ग क्लब सदस्यों के लिए होगा, जबकि बाहरी प्रतिभागियों के लिए अलग से एक वर्ग रखा जाएगा, क्लब का मुख्य उद्देश्य उन सभी युवाओं को प्रमोट करना है जो अपना टैलेंट दिखाना चाहते हैं। क्लब चाहता है कि हर प्रतिभाशाली व्यक्ति को आगे बढ़ने का समान अवसर मिले।

प्रतियोगिता के स्वरूप की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस बार मुख्य आकर्षण 'मिस फ्रेशर्स' राउंड होगा। यह राउंड विशेष रूप से क्लब सदस्यों के साथ-साथ बाहरी प्रतिभागियों के लिए भी आयोजित किया जा रहा है। आगरा क्लब ने पहली बार अपनी सीमाओं का विस्तार करते हुए इस प्रतियोगिता को सभी के लिए खुला रखा है, ताकि शहर के छिपे हुए टैलेंट को एक बड़ा मंच मिल सके। सबसे खास बात यह है कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इसके फॉर्म पूरी तरह से नि:शुल्क रखे गए हैं

प्रेस वार्ता में सचिव राहुल पालीवाल ने स्पष्ट किया कि आगरा क्लब अब केवल सामाजिक आयोजनों तक सीमित नहीं रहेगा। क्लब आने वाले समय में सांस्कृतिक जगत की प्रतिभाओं को प्रमोट करने के लिए विशेष कार्ययोजना बना रहा है। भविष्य में ऐसी प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ क्लब उन्हें हर संभव सहायता और सही दिशा प्रदान करेगा।

ग्लैमर लाइव फिल्म्स के निदेशक सूरज तिवारी ने बताया कि दिल्ली से आ रहीं प्रोफेशनल मॉडल्स इंडो-वेस्टर्न और ट्रेडिशनल परिधानों में रैंप वॉक करेंगी। दिल्ली के ही मशहूर कोरियोग्राफर और दिल्ली के ड्रेस डिजाइनर्स इस इवेंट को भव्य रूप देंगे।

आज की प्रेस वार्ता में उपस्थित सचिव राहुल पालीवाल, डायरेक्टर एंटरटेनमेंट कर्नल धर्मेंद्र सिंह, डायरेक्टर प्रॉपर्टी अनुराग शर्मा, डायरेक्टर किचन सौरभ अग्रवाल, डायरेक्टर स्पोर्ट्स ग्रुप कैप्टन किंशुक कुमार, डायरेक्टर लाइब्रेरी एवं गार्डन लेफ्टिनेंट कर्नल टी. सी. सिंह तथा डायरेक्टर बार विनय बंसल, ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक इनाम एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# श्रमिक वर्ग से परिश्रम, समय-निष्ठा और सेवा का पाठ सीखते हैं बच्चे

## प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

एनएनआई






**आगरा।** प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के सम्मान में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। ओरॉयन सदन के छात्रों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

बुद्ध पूर्णिमा होने के कारण विद्यार्थियों ने भगवान बुद्ध के जीवन मूल्यों पर प्रेरक भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा-3 के नन्हे छात्रों ने श्रम व श्रमिकों के महत्व पर सुंदर कविता पाठ किया, वहीं कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने विद्यालय के श्रमिकों के योगदान को दशार्ता हृदयस्पर्शी रोल-प्ले प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। विद्यालय के गायन समूह द्वारा एक विशेष गीत की प्रस्तुति भी दी गई।

कार्यक्रम का सबसे आत्मीय क्षण वह रहा जब छात्रों ने विद्यालय के सभी हेल्पर्स, गार्ड, ड्राइवर, कंडक्टर, चपरासी एवं सफाई कर्मचारियों को अपने हाथों से बनाए गए धन्यवाद कार्ड भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने सभी श्रमिकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि राष्ट्र का निर्माण कक्षाओं में ही नहीं, इन सभी कर्मचारियों के परिश्रम से भी होता है। वे सभी विद्यालय परिवार की नींव हैं व उनका सम्मान हमारा कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने भगवान बुद्ध के शांति एवं करुणा के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान भी किया। प्रधानाचार्या सीमा सहजपाल ने कहा कि किताबों से बच्चे ज्ञान सीखते हैं, परंतु इन सभी श्रमिक वर्ग से वे परिश्रम, समय-निष्ठा और सेवा का पाठ सीखते हैं।

# अग्रवाल महासभा ने शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक एकता का लिया संकल्प

- अग्रवाल महासभा ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा की पूजन कर मनाया स्थापना दिवस

एनएनआई



**आगरा।** अग्रवाल महासभा आगरा (रजि.) द्वारा 31वां स्थापना दिवस मदिया कटरा चौराहा स्थित भगवान महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नितेश अग्रवाल, महामंत्री सत्येन्द्र कु. अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विष्णु बिहारी गोयल सहित समस्त पदाधिकारियों ने स्मारक स्थल पर 31दीप प्रज्वलित किए।

अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने कहा, वर्ष 1996 में स्थापित अग्रवाल महासभा अपने 31 वर्ष पूरे कर रही है। यह सफर समाज के सहयोग और महाराजा अग्रसेन के 'एक ईंट-एक रुपया' के सिद्धांतों पर चलते हुए तय हुआ है। आगामी वर्ष में महासभा द्वारा विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें समाज के ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को जोड़ा जाएगा । समाज को एकजुट करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। महासभा ने शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक एकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करती रहेगी। महामंत्री सत्येन्द्र कु. अग्रवाल ने कहा, 31 वर्षों की यह यात्रा सभी समाजबंधुओं के अटूट विश्वास का परिणाम है। हमारा उद्देश्य महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना है। कोषाध्यक्ष विष्णु बिहारी गोयल ने कहा, समाज के आर्थिक सहयोग से ही महासभा सेवा कार्यों को निरंतर गति दे पाई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेश चंद गर्ग, कामता प्रसाद अग्रवाल, बीडी अग्रवाल, रामरतन सिंघल, विनोद अग्रवाल, विनय अग्रवाल, सुरेश चंद अग्रवाल, शंकर बंसल, सीताराम अग्रवाल, महेन्द्र कंसल, कुलदीप कंसल, अशोक अग्रवाल (अंबा), देवेन्द्र अग्रवाल, डॉ. मंजू बंसल, डॉ., सुरेश चंद अग्रवाल, उषा फतेहपुर अग्रवाल, अशोक कुमार गोयल, सुशील अग्रवाल, ऊषा बंसल, वीरेंद्र गोयल।

# समाज की रीढ़ होते हैं श्रमिक : डा. गिरधर शर्मा

## अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सहयोगी कर्मचारियों का किया सम्मान

एनएनआई



**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सेंट एंड्रुज ग्रुप की सभी शाखाओं में भव्य कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने अपने सहयोगी कर्मचारियों के प्रति आभार एवं सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए गए।

विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने अपने हाथों से बनाए सुंदर एवं भावपूर्ण कार्ड कर्मचारियों को भेंट किए। इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा लवी शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई कविता की पंक्तियों में श्रमिकों के जीवन की सच्चाई, उनके त्याग और समर्पण की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी । शिक्षक सचिन कश्यप ने विद्यालय के सभी कर्मचारियों के कार्यों व समर्पण का उल्लेख किया और उनकी महती भूमिका पर प्रकाश डाला ।

इस अवसर पर संस्थान के सी.एम.डी. डा.गिरधर शर्मा व विद्यालय की एम.डी. ओशिन शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। डा.गिरधर शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ होते हैं और उनके योगदान के बिना किसी भी संस्था, देश का निर्वहन संभव नहीं है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को श्रमिकों का सम्मान करने व छोटे-बड़े सभी कार्यों के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण अपनाने का आव्हान किया इस अवसर पर श्रीमती रुचि तनवर, शिल्पा भाटिया, मुनेष अग्रवाल, चारु तलवार, मनी अग्रवाल , संजोली गुप्ता , रीना शुक्ला , गरिमा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# श्रमिक दिवस पर डीएम ने किए चेक वितरित



**आगरा (एनएनआई)।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिक पंजीयन कैम्प /जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठी व हितलाभ वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिकों को किया सम्मानित,लाभार्थियों को चेक प्रदान किए। श्रम विभाग के तत्वावधान में उ.प्र. मेट्रो रेल कॉपोरेशन लिमिटेड (लार्सन एण्ड टुब्रो लिमिटेड) कार्यशाला कुण्डोल, फतेहाबाद रोड, आगरा पर भव्य आयोजन हुआ।

# राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है श्रमिक : सुनील नोतनानी

एनएनआई



**आगरा।** मजदूर दिवस के अवसर पर सिंधी शक्ति संगठन द्वारा श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंधी शक्ति संगठन के संस्थापक -अध्यक्ष सुशील नोतनानी ने श्रमिक भाइयों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया और उनके योगदान को राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव बताया। इस अवसर पर सुशील नोतनानी ने कहा कि यदि हम मजदूरों का सम्मान करेंगे तो समाज भी आगे बढ़ेगा और देश भी प्रगति करेगा। मजदूर हमारे दैनिक जीवन के अभिन्न साथी हैं। घरों के निर्माण से लेकर बड़ी-बड़ी इमारतों, पुल, पुलियों, उद्योगों और विकास की हर नींव में मजदूरों का पसीना और परिश्रम शामिल होता है। यदि मजदूर नहीं होंगे, तो उद्योगों का विकास भी संभव नहीं होगा और न ही आधुनिक भारत का निर्माण। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकारों का हनन किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए। श्रमिक वर्ग को उचित सम्मान, उचित मेहनताना और सुरक्षित कार्य वातावरण मिलना चाहिए। सरकार ने भी मजदूरों के हित में अनेक योजनाएं चलाई हैं, उनका पंजीकरण कराया है और उन्हें विभिन्न प्रकार की राहत प्रदान की है।

यह एक सकारात्मक पहल है, जिसका लाभ प्रत्येक श्रमिक तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर सामाजिक संगठनों ने भी मजदूरों की आवाज उठाई है और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रयास किए हैं। मजदूर दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि श्रम, सम्मान और समर्पण का उत्सव है। जो अपने पसीने से राष्ट्र निर्माण करते हैं, वही सच्चे अर्थों में देश के भाग्य विधाता हैं। इन लोगों का सम्मान हुआ राम किशन, पवन कुमार, गुरविंदर, रामवीर चौहान, जहाजन, रोहित, अंसार खान, राम चरण, अयान खान, इर्शाद खान, रामदीन।

# सेवा, संस्कृति और शिक्षा का संगम




**आगरा एनएनआई।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर विविध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। यह सभी कार्यक्रम कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को भारतीय परंपरा, संस्कृति एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों से जोड़ना रहा। इस अवसर पर गुजरात स्थापना दिवस के नोडल अधिकारी प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा ने समस्त गतिविधियों का कुशल संचालन किया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में सबसे पहले विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद खंदारी परिसर स्थित आरोग्य केंद्र में सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 50 क्षय (टीबी) रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस कार्यक्रम में जरूरतमंद मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बृजेश रावत के समन्वय में हुआ, जिसमें कम्युनिटी रेडियो की कार्यक्रम अधिशासी श्रीमती पूजा सक्सेना एवं रेडियो इंजीनियर तरुण श्रीवास्तव की विशेष भूमिका रही। स्वास्थ्य विभाग, आगरा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव के निर्देशन में जिला टीबी समन्वयक कमल सिंह एवं आरोग्य केंद्र की टीम–बबलू, शिवम, निशा और दीपक का सराहनीय सहयोग रहा।

इसी क्रम में इतिहास विभाग के 32 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम संयोजक प्रो. बी.डी. शुक्ला के मार्गदर्शन में सिकंदरा स्थित अकबर के मकबरे का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्मारक के साथ-साथ आर्ट गैलरी एवं संग्रहालय का अवलोकन कर इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति अपनी समझ को और गहरा किया। गृह विज्ञान संस्थान में गुजरात व्यंजन प्रदर्शनीः स्वाद, संस्कृति और स्वास्थ्य विषय पर एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रो. अर्चना सिंह एवं प्रो. अचला गक्कर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रदर्शनी में डॉ. प्रिया यादव (समन्वयक), डॉ. दीप्ति सिंह एवं डॉ. कविता सिंह (सह-समन्वयक) के नेतृत्व में छात्राओं ने 20 से अधिक पारंपरिक गुजराती व्यंजनों का आकर्षक प्रदर्शन किया।

इसी संस्थान में बापू बाजार का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पाद– सजावटी दीये, कैंडल्स, चूड़ियां, बॉटल आर्ट, वस्त्र एवं खाद्य सामग्री आकर्षण का केंद्र रहे। दिन के समापन पर स्वामी विवेकानंद खंदारी परिसर के 100 महिला छात्रावास में पारंपरिक गुजराती गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में लगभग 90 छात्राओं एवं महिला शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रत्न पांडे एवं डॉ. मोनिका अस्थाना द्वारा किया गया।




## स्व. सतानंद शर्मा की स्मृति में शुरू हुई निःशुल्क जल सेवा

एनएनआई

**आगरा।** श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसाइटी, आगरा द्वारा समाज सेवा के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए स्वर्गीय श्री सतानंद शर्मा की पुण्य स्मृति में सेक्टर-12 स्थित पदम प्लाजा के पास निःशुल्क जल सेवा (प्याऊ) एवं बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए जल व्यवस्था का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन 01 मई 2026, शुक्रवार को किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्था के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचीन कैलाश मंदिर के महंत गौरव गिरी एवं विशिष्ट अतिथि पूजा सक्सेना व सचिन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन शर्मा एवं पंडित नकुल सारस्वत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक शर्मा, आबिद अली, रितेश कश्यप, अरशद, अनिल कुशवाहा, विशाल शर्मा, रजत, गब्बर, दीपक एवं हरि ओम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि महंत गौरव गिरी ने अपने संबोधन में कहा कि भीषण गर्मी में जल सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। स्वर्गीय सतानंद शर्मा जी की स्मृति में किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। वहीं विशिष्ट अतिथि पूजा सक्सेना ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और जन-जन को सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

सचिन चतुर्वेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को इस प्रकार के सामाजिक कार्यों से जुड़ना चाहिए, जिससे समाज में सहयोग और सेवा की भावना मजबूत हो। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन शर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह सेवा कार्य प्रारंभ किया गया है, ताकि राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके और पशु-पक्षियों को भी पानी की कमी से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सतानंद शर्मा जी की स्मृति में यह सेवा कार्य निरंतर जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने समाज सेवा के इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया तथा आमजन से भी इस प्रकार के कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

## पारस पर्ल्स में श्रमिक दिवस पर कामगारों का किया सम्मान

**आगरा एनएनआई।** लीडर्स आगरा परिवार ने पारस पर्ल्स अपार्टमेंट मे मजदूर दिवस पर कामगार सफाई मजदूर, कामगार मजदूरों को पटके पहना कर अभिनन्दन किया।अध्यक्षता संरक्षक सुनील बग्गा ने की। महामंत्री सुनील जैन ने बताया की रोहित गोयल, सुमित अग्रवाल, रोहित लूथरा, करन सिंह, राजीव सिंघल की ओर से गिफ्ट के रूप मे भीषण गर्मी मे ठंडा पानी पीने के लिए मिल्टन की आकर्षक बोतलें प्रदान की। इस मौके पर डॉ अशोक कुशवाहा, अनुज जैन, सुशील जैन, संजय कुमार एडवोकेट, अंकुर जैन,आदि उपस्थित थे।







## श्रमिक संगठनों की बैठक में एकता पर जोर

**आगरा एनएनआई।** विश्व श्रमिक दिवस पर जिला ट्रेड काउंसलिंग यूनियन तत्वाधान में तमाम श्रमिक संगठनों की एक बैठक रोडवेज यूनियन के कार्यालय ईदगाह पर हुई बैठक में सर्वसम्मति से संगठित होकर कार्य करने पर जोर दिया गया। शहीदों को नमन किया गया। अध्यक्षता अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा ने की। प्रीपेड ड्राइवर एकता यूनियन अध्यक्ष जय अब्बास महामंत्री अनिल शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, पंडित सत्यनारायण शर्मा, शरीफ खान, राकेश कुमार राजपूत (जिला अध्यक्ष), अखिल भारतीय असंगठित कर्मचारी मजदूर यूनियन नरेश कुमार (भोला) बिजेंद्र सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष, रविन्द्र कुमार क्षेत्रीय मंत्री, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ नेता, योगेश कुमार राजपूत, जितेंद्र तोमर, संजय कुमार शुक्ला जी,बाबू फिरोज आदि मौजूद रहे।

## यूपी सरकार हर जिला अस्पताल में विकसित कर रही स्पेशल क्रिटिकल केयर यूनिट

- आईएससीसीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणवीर सिंह त्यागी ने बनाई कार्य योजना
- वर्षभर आयोजित किए जाएंगे जागरूकता पूर्ण कार्यक्रम

एनएनआई

**आगरा।** क्रिटिकल केयर मेडिसिन एक चिकित्सा विशेषता है जो जीवन-घातक चोटों या रोगों वाले मरीजों की चिकित्सा देखभाल से संबंधित होती है। मरीज और समाज हित में कार्य करने के लिए क्रिटिकल केयर मेडिसिन में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने का प्रयास इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रनवीर सिंह त्यागी द्वारा किया जा रहा है। वह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई क्रिटिकल केयर टास्क फोर्स के भी सदस्य हैं। यूपी सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों के जिला अस्पतालों में एक 8 बेड की स्पेशल क्रिटिकल केयर मेडिसिन यूनिट विकसित की जा रही है। अभी हाल ही में चेन्नई में यूपी के पहले इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणवीर सिंह त्यागी बने हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद ही क्रिटिकल केयर मेडिसिन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के




लिए एक विशेष कार्य योजना तैयार की है। योजना की जानकारी देने के लिए एक जागरूकता पूर्ण पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को सिकंदरा बाईपास स्थित सिनर्जी प्लस हॉस्पिटल में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणवीर सिंह त्यागी के अनुसार क्रिटिकल केयर मेडिसिन उन मरीजों के लिए होती है जिनके अंगों (जैसे दिल, फेफड़े, गुर्दे) के काम करना बंद करने का खतरा होता है। इसका उद्देश्य जीवन रक्षक सहायता, 24 घंटे निगरानी और गंभीर मरीजों की जान बचाना है। इसकी विशेषज्ञ टीम में प्रशिक्षित डॉक्टरों (इंटेंसिविस्ट), नर्सों, श्वसन चिकित्सकों और फार्मासिस्टों की टीम शामिल होती है। उनके अनुसार वर्ष भर जागरूकता पूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन कर क्रिटिकल केयर मेडिसिन को और अधिक प्रभावी बनाए जाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

**आईएससीसीएम के वर्ष भर के कार्यक्रमः डॉ रणवीर त्यागी**

गायनिक से संबंधित चिकित्सकों के लिए क्रिटिकल केयर प्रशिक्षण।

सामान्य नागरिकों को ऑर्गन डोनेशन (अंगदान) के लिए जागरूक करने के लिए कार्यक्रम।

एडल्ट वैक्सीनेशन (रोगों से बचाव के लिए) जागरूक करना।

एंटीबायोटिक दवाओं के अधिक प्रयोग से सावधान और सतर्क करना।

सीपीआर के प्रति जागरूक करना।

नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम।

फिजियोथैरेपिस्ट के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम।

न्यूट्रिशन के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम।

एमबीबीएस चिकित्सकों के लिए बेसिक क्रिटिकल केयर कोर्स प्रारंभ करना।

कम संसाधनों में उचित देखभाल के लिए छोटे शहरों और कस्बों के चिकित्सकों को दी जाएगी ट्रेनिंग।

# भव्यता से निकली भगवान परशुराम शोभायात्रा

एनएनआई

**शमसाबाद।** भगवान परशुराम ब्राह्मण सेवा समिति शमसाबाद रजि0 तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई।

भगवान परशुराम जी का आकर्षक डोला पूरे भाव और श्रद्धा के साथ सजाकर निकाला गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंख ध्वनि और "जय परशुराम" के उद्घोषों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए।



शोभायात्रा का शुभारंभ भगवान परशुराम भवन, राजाखेड़ा रोड से श्री श्री 1008 स्वामी केशवा नन्द जी महाराज वृन्दावन धाम ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हाथरस तथा पूर्व सांसद फतेहपुर सीकरी सीमा उपाध्याय उपस्थित रहीं।

मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने आशीर्वचन में कहा, "भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के समन्वय के प्रतीक हैं। आज के युवा को उनके त्याग, तप और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के संकल्प से प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्राह्मण समाज ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है और आगे भी निभाता रहेगा। यह शोभायात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और संस्कारों का संदेश है। सरकार समाज के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है।"

पं. पीसी बोहरा अध्यक्ष परशुराम सेना जिला धौलपुर, राजवीर लवानियां जिला अध्यक्ष भा.कि.यू., श्रीभगवान शर्मा एवं महेश उपाध्याय मौजूद रहे।

भगवान परशुराम का डोला भगवान परशुराम भवन से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ एस.एस. डिग्री कॉलेज मोड़, आगरा रोड पर सम्पन्न हुआ। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा समापन के बाद दीक्षित आईस एण्ड कोल्ड स्टोर, शमसाबाद में भव्य ऋषिभोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## पचास हजार का इनामी चढ़ा हत्थे



**अछनेरा** एनएनआई। जनपद में हो रही आपराधिक घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारियों को क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर बेरियर लगा कर सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं इसी क्रम में शुक्रवार को थाना प्रभारी अछनेरा देवेन्द्र कुमार द्विवेदी ने चेकिंग अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर एसओजी सर्वलाइंस की सयुक्त कार्यवाही करते हुए अछनेरा अनाज मंडी से आगे गांव साधन रोड से पचास हजार के इनामी जाहुलमेव पुत्र जसमाव उर्फ जसल्ला निवासी बैरागी बास थाना सिकरी जनपद भरतपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध कई थानों में पहले से ही संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। इस दौरान-थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार द्विवेदी,सचिन कुमार,अनुज कुमार,रोहित, मोहित,शिवराम, अनुराग त्यागी, अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



## कैम्प में 101 मरीजों का नेत्र परीक्षण

**अछनेरा** एनएनआई। अग्रोहा सेवा सदन में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। कल्याण करोति मथुरा द्वारा संचालित श्री जी बाबा नेत्र चिक्तिसा संस्थान मथुरा एवं श्याम स्टील लिमिटेड.कोलकता के तत्वाधान में आयोजित इस चिकित्सा शिविर में 101 मरीजो का नेत्र परीक्षण किया गया। परिक्षण के दौरान मिले 11 मोतियाबिन्द के मरीजो को निशुल्क आपरेशन के लिए श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सालय मथुरा भेजा गया। डॉ अनुभव उपाध्याय ने बताया कि ये नेत्र कैम्प हर माह के पहली तारीख को अछनेरा में निशुल्क लगाया जाता है इस कैम्प में नेत्र सम्बन्धी मरीजों का इलाज अत्याधुनिक मशीनों द्वारा विश्वस्तरीय रूप से किया जाता है। इस दौरान-डॉ.अनुभव उपाध्याय,ऑडिनेटर सुनील कुमार,विशाल, रामेश्वर दयाल और अन्य टीम मौजूद रही

## झपकी लगने से बरातियों से भरी बस डिवाइडर से टकराई, छह घायल



एनएनआई

**फतेहाबाद।** देर रात करीब 2:50 बजे बरातियों से भरी एक बस हादसे का शिकार हो गई। बस फिरोजाबाद से राजपुर चुंगी, आगरा जा रही थी। बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आ जाने के कारण बस आगरा-बाह बाईपास रोड स्थित अवंतीबाई चौराहे के पास डिवाइडर से टकरा गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर अपराध राजवीर सिंह, उपनिरीक्षक योगेंद्र गोस्वामी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

हादसे में बस में सवार प्रदीप कुमार पुत्र बंगाली बाबू, पप्पू पुत्र भूरी सिंह, अनिकेत पुत्र भगवान दास, रवि पुत्र सुमेर सिंह, ईशु पुत्र नीलम कुमार और राकेश पुत्र प्रभुदयाल निवासी छोटा खुर्रा, राजपुर चुंगी, थाना सदर घायल हो गए।

घटना के बाद बस में मौजूद अन्य चुटैल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद अपने गंतव्य को रवाना हो गए। सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। सभी घायलों का उपचार जारी है।



## नहर की पटरी कटने से गांव में मचा हड़कंप, 15 बीघा जमीन पर जलभराव

**फतेहाबाद** एनएनआई। निबोहरा क्षेत्र के गांव कान्हापुरा के पास रात नहर की पटरी कटने से गांव में हड़कंप मच गया। नहर का पानी तेजी से गांव की ओर बढ़ता देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी फैल गई और लोग मौके पर जुट गए।

शुक्रवार सुबह सूचना मिलते ही नहर विभाग की टीम अमीन राजेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पटरी की मरम्मत कराई। टीम की तत्परता से समय रहते पटरी को दुरुस्त कर दिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

नहर का पानी फैलने से करीब 15 बीघा जमीन पर जलभराव हो गया। हालांकि इस समय खेतों में कोई फसल नहीं थी, जिससे किसानों को बड़े आर्थिक नुकसान से राहत मिली। गनीमत रही कि पानी गांव के अंदर प्रवेश नहीं कर सका, वरना स्थिति गंभीर हो सकती थी।

ग्रामीणों ने नहर विभाग से नियमित निगरानी और समय पर मरम्मत की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव हो सके।

## परचून की दुकान में भीषण आग, नकदी समेत हजारों का नुकसान

**फतेहाबाद** एनएनआई। क्षेत्र के गांव अहीरपुरा में गुरुवार देर रात एक परचून की दुकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की इस घटना में दुकान में रखा नकद, फ्रिज, फर्नीचर व राशन सामग्री समेत हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गुरुवार देर रात वहां से गुजर रहे राहगीरों ने दुकान से धुआं उठता देखा। उन्होंने तत्काल दुकान स्वामी शंकर पुत्र भूरी सिंह को सूचना दी। सूचना मिलते ही शंकर मौके पर पहुंचे और शोर मचाया, जिससे आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने बाल्टियों, पाइप और अन्य साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। दुकान स्वामी शंकर के अनुसार, आग में करीब 12 हजार रुपये नकद, फ्रिज, फर्नीचर व अन्य सामान नष्ट हो गया। उन्होंने लगभग एक लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग आसपास के मकानों और दुकानों तक फैल सकती थी, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

## निजीकरण के विरोध में बाह में रोडवेज कर्मियों का प्रदर्शन, प्रबंध निदेशक को भेजा ज्ञापन

एनएनआई

**बाह।** रोडवेज के निजीकरण के विरोध में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने शुक्रवार को बाह में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि निजीकरण के विरोध एवं सुरक्षित भविष्य से जुड़ी हुई समस्याएं रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय नेतृत्व ने परिवहन निगम प्रबंधन के सामने रखकर समाधान के लिए नोटिस दिया था। संविदा कर्मियों को नियमित किए जाने, आउट सोर्स से भर्ती हुए कर्मियों को संविदा की श्रेणी में रखकर चरणबद्ध नियमित किए जाने एवं आठवें वेतन आयोग का लाभ दिलाए जाने की मांगें जोर शोर से उठाई गई थी। चरणबद्ध आंदोलन के बाद भी समस्याओं का समाधान न होने पर शुक्रवार को भदावर डिपो बाह की कार्यशाला पर रोडवेज कर्मियों ने धरना प्रदर्शन के साथ अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन



के बाद 14 सूत्रीय मांगों का प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन बाह के एआरएम विवेक अहिरवार को सौंपा। इस दौरान रामनिवास शर्मा अध्यक्ष, मंत्री दिनेश यादव, प्रभंजन दुबे, शिवशंकर भदौरिया, सुनील कुमार, राजीव कुमार, सतेन्द्र यादव, कुलदीप भदौरिया, यशपाल सिंह, ब्रजमोहन, दिलीप अरेला, आदेश बरुआ, विनय प्रताप, अनिल शर्मा, किशनदत्त शर्मा, रामविलास, श्रीदेवी, पूजा तिवारी, राजाबेटी आदि रहे।

# संपादकीय

## महिला आरक्षण पर आक्रामक भाजपा

संसद के विशेष सत्र में 17 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन कानून में संशोधन का बिल संसद में विफल हुआ था। उसके बाद लगभग दो हफ्ते से भाजपा लगातार कोई न कोई कार्यक्रम चला रही है।भारतीय जनता पार्टी महिला आरक्षण के मसले पर राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाए रखने वाली है। पांच राज्यों के चुनाव में भी भाजपा नेताओं ने पूरी ताकत लगाई। इसके साथ साथ महिला आरक्षण के मसले पर हर राज्य में कोई न कोई कार्यक्रम, प्रदर्शन या सम्मेलन हो रहा है। बड़े नेता उसमें शामिल हो रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस न तो राज्यों मे कहीं चुनाव लड़ती दिखी है और न सड़क पर उतर कर महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपना नैरेटिव लोगों तक पहुंचा पा रही है। पता नहीं कांग्रेस के नेता क्या करते रहते हैं?संसद में बिल लाने, भाषण देने और राष्ट्रीय चैनल पर देश को संबोधित करने का काम प्रधानमंत्री कर चुके हैं। अब बारी भाजपा की राज्य सरकारों की है। भाजपा की राज्य सरकारें विधानसभा का सत्र बुला कर उसमें परिसीमन और महिला आरक्षण के प्रस्ताव मंजूर कर रही हैं और सत्र में कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों की आलोचना कर रही हैं। भाजपा विरोधी पार्टियों की आलोचना के लिए विधानसभा के विशेष सत्र बुलाए जा रहे हैं।मध्य प्रदेश में विधानसभा का सत्र आहूत किया गया और सत्र में नारी शक्ति वंदन कानून के समर्थन में एक सरकारी प्रस्ताव मंजूर किया गया। परिसीमन करने और महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने का समर्थन किया गया। प्रस्ताव पास किए जाने के समय कांग्रेस ने वाकआउट किया। इसी तरह दिल्ली विधानसभा का एक दिन का सत्र आहूत किया गया। इसमें भी महिला आरक्षण के समर्थन में प्रस्ताव पास हुआ और विपक्ष की आलोचना की गई।दिलचस्प बात यह है कि मध्य प्रदेश और दिल्ली दोनों जगह विपक्षी पार्टियां बैठी हुई थी कि सरकार अभी महिलाओं को आरक्षण देने का प्रस्ताव ले आए वे उसका समर्थन करेंगे। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने कहा कि सरकार आज प्रस्ताव ले आए कि लोकसभा और विधानसभाओं में जितनी सीटें हैं उनमें से एक तिहाई महिलाओं के लिए आरक्षित की जा रहीं तो विपक्ष उसका तुरंत समर्थन करेगा। लेकिन भाजपा को तत्काल महिला आरक्षण नहीं देना है, उस पर तमाशा करना है। भाजपा महिला आरक्षण पर बड़ा मैसेज बनवाने के लिए कोई पहल कर सकती है। अभी तो महिला आक्रोश प्रदर्शन या सम्मेलन चल रहे हैं। लेकिन कहा जा रहा है कि इसका अगला कदम यह होगा कि पार्टी अपनी राष्ट्रीय टीम में महिलाओं की संख्या बढ़ाए। कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जब अपनी नई टीम बनाएंगे तो उसमें 33 फीसदी महिलाओं को जगह मिल सकती है। ध्यान रहे भाजपा को सबसे ज्यादा जवाब इसी बात का देना पड़ रहा है कि वह अभी महिला आरक्षण क्यों नहीं लागू कर दे रही है। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों ने संसद में चर्चा को दौरान भी कहा कि सरकार बिल ले आए कि लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाती हैं तो विपक्ष तुरंत उसे समर्थन कर देगा। यह सवाल भी उठ रहा है कि महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए आरक्षण का इंतजार क्यों करना है। तभी भाजपा अपने संगठन से शुरूआत कर सकती है।बताया जा रहा है कि नितिन नबीन की टीम में शामिल करने के लिए महिला नेताओं की तलाश चल रही है। 2014 में भाजपा को जो बड़ी जीत मिली थी उससे पहले कांग्रेस की सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में पार्टी की महिला प्रवक्ताओं का बड़ा हाथ था। स्मृति ईरानी, निर्मला सीतारमण, मीनाक्षी लेखी आदि महिलाएं प्रवक्ता थीं। अब ऐसा कोई भी प्रवक्ता नहीं है। इसी तरह महासचिवों में भी सिर्फ एक महिला है। सूत्रों का कहना है कम से कम दो या तीन महासचिव और कम से कम तीन या चार महिला प्रवक्ता नियुक्त किया जा सकता है।दूसरी पार्टियों से आए प्रवक्ताओं को भी भाजपा धीरे धीरे किनारे कर रही है। उनकी कोई भूमिका नहीं रह गई है। महासचिव और प्रवक्ताओं के अलावा सचिवों में भी अच्छी खासी संख्या में महिलाएं नियुक्त होंगी। प्रकोष्ठ और प्रभारी भी महिलाएं बनाई जाएंगी। भाजपा यह शुरूआत करती है तो अच्छी बात होगी। उसके बाद अगले साल के शुरू में पांच राज्यों में और साल के अंत में सात राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। उन राज्यों में भाजपा टिकट बंटवारे में महिलाओं को बिना कहे 33 फीसदी तक आरक्षण दे सकती है। अगर 33 फीसदी न भी हो तो एक चौथाई सीटें महिलाओं को देकर भाजपा अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का प्रयास करेगी। हो सकता है कि बंगाल के नतीजों के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल हो तो उसमें भी महिला मंत्रियों की संख्या बढ़ सकती है।

# बढ़ती चर्बी खतरे की घंटी

## एक-दो नहीं 13 तरह के कैंसर का कारण बन सकता है मोटापा



मौजूदा समय में हमारी सुविधाओं और सेहत के बीच जो असामंजस्य दिख रहा है उसने धीरे-धीरे बड़ी मुसीबतों का जन्म दे दिया है। आहार और लाइफस्टाल में गड़बड़ी, शारीरिक गतिविधियों और नींद में कमी के साथ बढ़ते स्क्रीनटाइम ने हमारे शरीर को एक ऐसे खतरे की ओर धकेल दिया हैं, जहां सिर्फ जोखिम ही जोखिम है। लोगों में बढ़ता मोटापा इसका सबसे आम उदाहरण है। मोटापा सिर्फ शरीर की बनावट को खराब करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का प्रमुख कारण भी माना जाता है। अध्ययनों में पाया गया है कि शरीर पर बढ़ती चर्बी हमें क्रॉनिक बीमारियों जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और कैंसर तक का शिकार बनाती जा रही है।

मोटापे की स्थिति शरीर में हार्मोनल असंतुलन, सूजन और मेटाबॉलिक गड़बड़ियों को बढ़ाती है जिससे कैंसर होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसी से संबंधित एक हालिया अध्ययन में विशेषज्ञों ने चेताया है कि मोटापा एक-दो नहीं बल्कि करीब 13 प्रकार के कैंसर को बढ़ाने वाला हो सकता है। मतलब मोटापा को बीमारियों का फ्री टिकट कहना गलत नहीं होगा।

### मोटापा के शिकार लोगों में कैंसर का खतरा

हालिया रिपोर्ट में बताया था कि किस तरह से बच्चों के यूनिफॉर्म से लेकर घर में इस्तेमाल होने वाली आम चीजों से कैंसर का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में अब विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है कि अगर आप अधिक वजन या मोटापा का शिकार हैं तो कैंसर की चपेट में आने का खतरा बढ़ सकता है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने पाया कि मोटापा कम से कम 13 तरह के कैंसर के खतरे को बढ़ाने वाला हो सकता है। जिसके



आधार पर विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सिर्फ वजन कम करना ही काफी नहीं है। अध्ययन से पता चला है कि इंग्लैंड में कैंसर के इलाज के लिए आने वाले आधे से ज्यादा मरीजों को पहले मोटापे का शिकार पाया जा रहा है। विशेषज्ञों ने कहा, इस जानलेवा बीमारी में मोटापे की भूमिका जितनी सोची गई थी, उससे भी कहीं ज्यादा है।

### अध्ययन में क्या पता चला?

वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड की डॉ. हेलेन क्रॉकर कहती हैं, यह अध्ययन इस बात पर रोशनी डालता है कि जब हम कोई बड़े क्लिनिकल फैसले लें, तो मरीजों की मौजूदा सेहत के साथ-साथ उनके मोटापे की हिस्ट्री पर भी ध्यान देना जरूरी है। कैंसर विशेषज्ञ प्रोफेसर साइमन लॉर्ड के नेतृत्व वाली टीम ने पाया कि पहले का ज्यादा वजन होना इलाज की सफलता पर भी काफी असर डाल सकता है।

इसमें 79,271 मरीजों के डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड से पिछले बीएमआई डेटा का विश्लेषण किया।

नतीजों से पता चला कि कैंसर के अलग-अलग प्रकारों में मोटापे की दरें अलग-अलग होती हैं।

जिन कैंसरों में आमतौर पर बिना किसी वजह के वजन कम होने और भूख न लगने जैसे लक्षण दिखते हैं, उनमें पहले इलाज के समय मोटापे की दरें कम पाई गईं।

इनमें पैंक्रियाटिक, गैस्ट्रोइसोफेजियल, आंत और फेफड़ों के कैंसर शामिल थे, जो संक्रमण से लड़ने वाली व्हाइट ब्लड सेल्स (डब्ल्यूबीसी) को प्रभावित करता है।

गर्भाशय, स्तन कैंसर और त्वचा कैंसर के इलाज की शुरूआत में मोटापा ज्यादा आम था।

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने 2016 में 13 तरह के कैंसर की पहचान की, जिनका संबंध मोटापे से था। विशेषज्ञों ने कहा, इसका मतलब यह नहीं है कि हर जिसका वजन ज्यादा है या जिसे पहले कभी मोटापा रहा है, उसे कैंसर होगा ही। पर ये अन्य स्थितियों के साथ मिलकर आपके खतरे को बढ़ाने वाले जरूर हो सकते हैं। कैंसर रिसर्च यूके के अनुसार, अगर आप अपने वजन को कंट्रोल में बनाए रखते हैं तो इससे 13 अलग-अलग तरह के कैंसर का जोखिम कम हो जाता है। मोटापा वाले लोगों में इनका खतरा अधिक देखा गया है।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## 'राजा शिवाजी' में सलमान खान का कैमियो वायरल, थिएटर में गूंजा शोर



रितेश देशमुख की बहुप्रतीक्षित फिल्म राजा शिवाजी शुक्रवार 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होते ही चर्चा में आ गई। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस फिल्म में सलमान खान का सरप्राइज कैमियो दर्शकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बन गया है। शुरुआती शो के बाद सोशल मीडिया पर उनके सीन तेजी से वायरल हो रहे हैं। फिल्म में सलमान खान 'जीवा महाला' के किरदार में नजर आते हैं, जो शिवाजी के अंगरक्षक के रूप में दिखाए गए हैं। नारंगी पगड़ी, कुर्ता, हाथ में तलवार और माथे पर तिलक के साथ उनका लुक दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। स्क्रीन पर उनकी एंट्री होते ही सिनेमाघरों में तालियां और सीटियां गूंज उठीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि कैमियो छोटा जरूर है, लेकिन स्क्रीन प्रेजेंस बेहद दमदार है। वहीं दूसरे यूजर ने इसे फिल्म का शोस्टॉपर बताया। कई वीडियो में दर्शकों का उत्साह साफ देखा जा सकता है। फिल्म में रितेश देशमुख ने शिवाजी महाराज की भूमिका निभाई है, जबकि जेनेलिया देशमुख, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी और फरदीन खान समेत कई कलाकार नजर आए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 100 करोड़ रुपये के बजट में बनी यह फिल्म अब तक की सबसे महंगी मराठी फिल्मों में शामिल है। फिल्म का निर्देशन और लेखन भी रितेश देशमुख ने ही किया है। खास बात यह है कि इस फिल्म से उनके बेटे राहिल देशमुख ने भी यंग शिवाजी के रूप में डेब्यू किया है।



## 'धुरंधर' की सफलता पर यामी गौतम का बयान

# कुछ नहीं बदला

फिल्म धुरंधर की सफलता के बाद अभिनेत्री यामी गौतम ने साफ कहा है कि इस कामयाबी से उनके जीवन या सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वह फिल्मों की सफलता या असफलता को व्यक्तिगत रूप से नहीं लेतीं। उनके मुताबिक, एक कलाकार का असली काम अपने किरदार को ईमानदारी से निभाना होता है। यामी ने कहा कि सफलता अस्थायी होती है, लेकिन मेहनत और अनुशासन ही स्थायी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह हर प्रोजेक्ट को सीखने का अवसर मानती हैं और आगे भी उसी सादगी के साथ काम करती रहेंगी। फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है, लेकिन यामी का कहना है कि वह किसी तरह का दबाव महसूस नहीं कर रहीं और अपने अगले प्रोजेक्ट्स पर ध्यान दे रही हैं। उनके अनुसार, दर्शकों का प्यार ही असली उपलब्धि है।

## राम चरण की 'पेड्डी' 4 जून को होगी रिलीज



साउथ सुपरस्टार राम चरण की अपकमिंग फिल्म पेड्डी की शूटिंग पूरी हो चुकी है। मेकर्स ने घोषणा की है कि फिल्म 4 जून को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन बुची बाबू सना ने किया है। यह एक गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसमें राम चरण का लुक काफी अलग और आक्रामक नजर आ रहा है। रिलीज डेट के ऐलान के साथ जारी पोस्टर में उनका किरदार संघर्ष और गुस्से से भरा दिखाया गया है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म में दमदार कहानी, इमोशन और बड़े स्तर का एक्शन देखने को मिलेगा। फैंस के बीच फिल्म को लेकर पहले से ही उत्साह बना हुआ है और अब रिलीज डेट सामने आने के बाद इंतजार और बढ़ गया है।

## विजय देवरकोंडा-कृति सेनन की जोड़ी पर चर्चा तेज, रोमांस की अफवाहों ने पकड़ा जोर



फिल्म इंडस्ट्री में नई जोड़ियों को लेकर चर्चा हमेशा सुर्खियां बटोरती है और इस समय विजय देवरकोंडा और कृति सेनन को लेकर ऐसी ही अटकलें तेज हो गई हैं। खबर है कि दोनों कलाकार एक बड़े प्रोजेक्ट में साथ नजर आ सकते हैं। हालांकि अभी तक इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया चर्चाओं के मुताबिक, इस संभावित फिल्म का निर्देशन शौर्यव कर सकते हैं, जो हाय नन्ना के लिए जाने जाते हैं। इसी वजह से फैंस के बीच इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि फिल्म को बड़े स्तर पर तैयार किया जाएगा और इसमें अंतरराष्ट्रीय तकनीकी टीम को शामिल करने की योजना है, जिससे इसे ग्लोबल सिनेमाई अनुभव देने की कोशिश होगी। चर्चा यह भी है कि फिल्म की शुरुआती प्रक्रिया, जैसे पूजा सेरेमनी, चुपचाप पूरी कर ली गई है। सूत्रों के अनुसार, कृति सेनन इस प्रोजेक्ट को लेकर शुरुआती बातचीत में हैं और फिलहाल चीजें शुरुआती चरण में ही हैं। बावजूद इसके, फैंस के बीच इस संभावित जोड़ी को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। अगर यह प्रोजेक्ट साकार होता है, तो विजय देवरकोंडा और कृति सेनन पहली बार साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। दोनों की अलग-अलग स्टाइल और स्क्रीन प्रेजेंस को देखते हुए इसे एक फ्रेश और दिलचस्प जोड़ी माना जा रहा है। पैन-इंडिया फिल्मों के बढ़ते ट्रेंड के बीच इस तरह की क्रॉस-इंडस्ट्री जोड़ियां दर्शकों के बीच खासा आकर्षण पैदा करती हैं। फिलहाल यह खबर सिर्फ अफवाहों तक सीमित है, लेकिन अगर आधिकारिक घोषणा होती है, तो यह इंडस्ट्री की बड़ी घोषणाओं में शामिल हो सकती है।

# दिल्ली ने राजस्थान को सात विकेट से हराया

## केएल राहुल और निसांका के अर्धशतक

**जयपुर।** मिचेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन और पथुम निसांका तथा केएल राहुल की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुक्रवार को सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने रियान पराग की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 225 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने पथुम निसांका और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।




### अंक तालिका का हाल

दिल्ली इस जीत के साथ अंक तालिका में छठे पायदान पर है। नौ में से चार मुकाबले जीत चुकी अक्षर पटेल की टीम के खाते में आठ अंक हैं लेकिन उनका नेट रन रेट खराब है। वहीं, राजस्थान इस मुकाबले में शिकस्त के बावजूद चौथे पायदान पर बनी हुई है। उनके खाते में 12 अंक और +0.510 का नेट रन रेट है। शीर्ष पर पंजाब किंग्स का दबदबा है जबकि आरसीबी और हैदराबाद दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

### दिल्ली ने पहली बार चेज किया 220+ रन का लक्ष्य

दिल्ली की टीम आईपीएल में पहली बार 220 से ज्यादा रनों के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही। इससे पहले टीम ने 2025 में लखनऊ के खिलाफ 210 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। वहीं, राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा रनों के लक्ष्य को हासिल करने वाली दिल्ली दूसरी टीम बन गई। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने 229 रन बनाकर राजस्थान को मात दी थी। जयपुर में यह राजस्थान की सात मैचों में से छठी हार है।

## चेन्नई-मुंबई आज आमने-सामने

### प्लेऑफ की राह के लिए अहम मुकाबला



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच शनिवार (2 मई) को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 44वां मुकाबला चेन्नई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की दो सबसे सफल टीमों के बीच यह भिड़ंत इस बार बेहद खास हो गई है, क्योंकि दोनों ही टीमें प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस सीजन में दोनों टीमों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। ऐसे में यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा बन गया है, जहां हार किसी भी टीम के लिए मुश्किलें बढ़ा सकती है। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मुकाबला बराबरी का माना जा रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर हमेशा मजबूत टीम माना जाता रहा है, लेकिन इस बार उनकी पकड़ कमजोर दिखी है। चेन्नई में खेले गए चार मैचों में से दो में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। टीम की बल्लेबाजी खासकर मिडिल ऑर्डर में संघर्ष करती नजर आई है। साथ ही महेंद्र सिंह धोनी की गैरमौजूदगी भी टीम को प्रभावित कर सकती है। गेंदबाजी में भी चेन्नई अपने स्पिन अटैक का पूरा फायदा नहीं उठा पा रही है। बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वहीं मुंबई इंडियंस की शुरूआत भले ही मजबूत रही हो, लेकिन उनका मिडिल ऑर्डर लय में नहीं दिखा। सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी अपेक्षानुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत

# भारतीय पुरुष टीम ने चीनी ताइपे पर बनाई 3-0 की अजेय बढ़त, सेमीफाइनल में जगह पक्की

**नई दिल्ली।** पूर्व चैंपियन भारत ने चीनी ताइपे के खिलाफ 3-0 की अजेय बढ़त बनाकर थॉमस और उबर कप फाइनल 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने साल 2022 में 43 वर्षों में पहली बार थॉमस कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले, भारतीय पुरुष टीम 1952, 1955 और 1979 में थॉमस कप के सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

भारतीय पुरुष टीम अपने ग्रुप में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। शुक्रवार को डेनमार्क के होरसेंस में भारत ने लक्ष्य सेन की जीत के साथ अजेय बढ़त बनाई। लक्ष्य सेन ने चो टिएन चेन को 18-21, 22-20, 21-17 से हराया। पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए उन्होंने 88 मिनट में यह मुकाबला अपने नाम किया। पुरुष युगल में, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीनी ताइपे के चियू हसियांग चिएह और वांग ची-लिन को शिकस्त दी। उन्होंने तीन गेम के इस मुकाबले




को 23-21, 19-21, 21-12 से अपने नाम किया। इसके बाद आयुष शेट्टी ने दूसरे एकल मुकाबले में लिन चुन-यी को हराकर 3-0 की बढ़त सुनिश्चित करते हुए सीधे गेम में 21-16, 21-17 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में शनिवार को भारत का मुकाबला फ्रांस और जापान के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा, जिसके अगले दिन टूर्नामेंट का समापन फाइनल मैच के साथ होगा।

लक्ष्य सेन ने चो टिएन चेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की, जिससे थॉमस कप के नॉकआउट मुकाबले में भारत को एक महत्वपूर्ण बढ़त मिली। कुछ समय बाद ऐसा लग रहा था कि मैच भारतीय खिलाड़ी के हाथ से फिसल रहा है, क्योंकि दूसरे गेम में उन्हें तीन मैच प्वाइंट्स का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने धैर्य बनाए रखते हुए तीनों मैच प्वाइंट्स बचाए और मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचाया।

तीसरे गेम में मैच का रुख पूरी तरह बदल गया। सेन ने चेन को अपनी रणनीति से मात दी। उन्होंने सेट की शुरूआत में ही जबरदस्त बढ़त बना ली, जिससे चेन उनकी रफ्तार का जवाब ढूंढने में जूझते नजर आए। चीनी ताइपे के स्टार खिलाड़ी ने आखिर में वापसी करते हुए अंकों का फासला कम करने की कोशिश की, लेकिन सेन ने मैच अपने नाम करते हुए जीत पक्की कर ली।

दूसरे मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 18-20 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए पहला गेम 23-21 से जीत लिया। दूसरा गेम भी कड़ा रहा, जहां शुरूआत में दोनों जोड़ियां 8-8 की बराबरी पर थीं। भारतीय जोड़ी 14-11 की मजबूत बढ़त के साथ सीधे गेम में मैच खत्म करने की स्थिति में दिख रही थी, लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने दबाव में शानदार वापसी की और दूसरा गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने शुरूआत से ही दबदबा बनाया और 9-3 की बढ़त हासिल की। ब्रेक तक उन्होंने 6 अंकों की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद सात्विक-चिराग ने 13-6 और फिर 15-7 तक बढ़त बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया, जिससे भारत की बढ़त 2-0 हो गई।

## शनिवार, 02 मई राशिफल

आज रिश्तों का आपके फैसलों पर असर रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा, बात प्रभावशाली तरीके से रख पाएंगे। पार्टनरशिप और तालमेल पर फोकस रहेगा। मानसिक तनाव या खर्चों को लेकर सतर्क रहें। करियर में टीमवर्क से सफलता मिलेगी, दस्तावेज जांचें।

आज सेहत पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। व्यक्तित्व में निखार और आकर्षण बढ़ेगा। रूटीन और पेंडिंग काम निपटाने में व्यस्त रहेंगे। गुप्त शत्रु या तनाव से बचने के लिए योजनाएं साझा न करें। काम के कारण रिश्तों में दूरी आ सकती है। खान-पान का ध्यान रखें, पुरानी बीमारी उभर सकती है।

आज खुशियां और नए मौके मिलेंगे। विचार व्यक्त करने में थोड़ी कठिनाई हो सकती है। रचनात्मकता और लव लाइफ सक्रिय रहेगी। करियर में मेहनत और अनुशासन जरूरी रहेगा। पुराने निवेश से धन लाभ संभव है। मानसिक शांति के लिए आराम और अच्छी नींद लें।

घर और करियर के बीच संतुलन बनाना जरूरी। परिवार और भावनात्मक सुख पर ध्यान रहेगा। करियर में सफलता के अच्छे मौके मिलेंगे। गट फीलिंग सही फैसले लेने में मदद करेगी। सीनियर्स से बात करते समय संयम रखें। पाचन और किडनी का खास ख्याल रखें।

प्रभावशाली लोगों का सहयोग मिलेगा। ऊर्जा और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। बातचीत का तरीका असरदार रहेगा। करियर में स्थिरता और सहयोग से काम बनेंगे अचानक खर्च या तनाव से सावधान रहें। रीढ़ की हड्डी और आराम का ध्यान रखें।

आर्थिक मामलों में योजना बनाना जरूरी। धन और बचत पर फोकस रहेगा। सोच गहरी होगी लेकिन व्यक्त करना कठिन। खर्चों की जांच और बजट बनाने में सफलता। रिश्तों में धैर्य बनाए रखें। गले और पीठ का ख्याल रखें।

खुद की देखभाल को प्राथमिकता दें। आत्मविश्वास और भावनात्मक जागरूकता बढ़ेगी। रिश्तों में बातचीत चुनौतीपूर्ण हो सकती है। कूटनीति से विवाद सुलझेंगे। आर्थिक मामलों में पुराने काम निपटेंगे। नींद और सेहत का ध्यान रखें।

खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी। एकांत और आत्मचिंतन की जरूरत महसूस होगी। काम का दबाव बढ़ सकता है। पुरानी आदतें छोड़ने में सफलता मिलेगी। बड़े निवेश या लोन से बचें। पैरों और नसों को आराम दें।

दिखावे के खर्च से बचें। नेटवर्किंग और सामाजिक लाभ बढ़ेंगे। नए अवसर और पार्टनरशिप बनेंगी। बड़े प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। रोमांस में जल्दबाजी न करें। कमर के निचले हिस्से का ध्यान रखें।

मेहनत की सराहना मिलेगी। करियर और प्रतिष्ठा पर फोकस रहेगा। अनुशासन और कूटनीति से सफलता मिलेगी। परिवार और काम में संतुलन जरूरी। रिस्की निवेश से दूर रहें। घुटनों और जोड़ों का ख्याल रखें।

लंबी यात्रा या नई सीख का मौका मिलेगा। भविष्य के बड़े लक्ष्यों पर ध्यान रहेगा। बातचीत में जल्दबाजी से बचें। समस्याओं का अच्छा समाधान निकालेंगे। पैसा उधार देने से बचें। प्रकृति के करीब समय बिताएं।

मेहनत का फल मिलने में देरी हो सकती है। आत्मचिंतन और भावनात्मक गहराई बढ़ेगी। जिम्मेदारियों का बोझ महसूस होगा। धैर्य और संयम से काम लें। बड़े खर्च या वादों से बचें। आराम और हाइड्रेशन का ध्यान रखें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# 2570वीं त्रिविध पावन बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली भव्य धम्म यात्रा

## कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालुओं, भिक्षुसंघ एवं समाजसेवियों की सहभागिता रही

एनएनआई



**आगरा।** 2570वीं त्रिविध पावन बुद्ध पूर्णिमा महापर्व के अवसर पर पूर्वोदय बुद्ध विहार प्रबंध समिति, चक्कीपाट द्वारा भव्य धम्म यात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालुओं, भिक्षुसंघ एवं समाजसेवियों की सहभागिता रही। समिति के मंत्री चौधरी रामगोपाल के निर्देशन में आयोजित इस महापर्व में भगवान तथागत सम्यक संबुद्ध के जन्म, बुद्धत्व प्राप्ति एवं महापरिनिर्वाण के पावन अवसर को धूमधाम से मनाया गय। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात, पूर्वोदय बुद्ध विहार, चक्कीपाट से विशाल धम्म यात्रा के साथ हुआ।

धम्म यात्रा चीलगढ़, औलिया रोड, छीपीटोला, नागरी, ईदगाह, कुटलूपुर, सब्जी मंडी, चक्कीपाट बाजार, डॉ. अंबेडकर पार्क एवं बिजलीघर बस स्टैंड सहित विभिन्न मार्गों से होकर पुन, बुद्ध विहार पहुंची, यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा मिठाई वितरित की गई, कार्यक्रम में डॉ. आनंद टाइटलर द्वारा सुंदरपाड़ा क्षेत्र में धम्म यात्रा का विशेष स्वागत किया गया, बुद्ध विहार परिसर में भदंत शीलानंद एवं अशोक रत्न के नेतृत्व में बौद्ध भिक्षुओं ने श्रद्धालुओं को त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण कराया तथा धम्म देशना दी।

इस अवसर पर बाबू बच्चू सिंह, अमर सिंह, समाज सेवी श्याम भोजवानी, कमल, स्वामी प्रसाद, राकेश राज, श्रीमती मीरा देवी पूर्व पार्षद, आशीष प्रिंस, पप्पू उर्फ विजय, ज्ञानेश्वर मौर्य, जितेंद्र मौर्य, मुकेश वर्मन, भरत शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएगा प्रचार रथ

- होटल होली-डे-इन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा का ध्वज फहराकर आगरा लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया योजना प्रचार रथ



एनएनआई

**आगरा।** केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पात्र लाभार्थियों तक उनका लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नरेन्द्र से नरेन्द्र की ओर अभियान के तहत आगरा लोकसभा क्षेत्र में एक विशेष रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्घाटन होटल होली डे इन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता इं. किशन (सीटू चौहान) ने भाजपा का ध्वज फहराकर किया। उस अवसर पर उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड योजना, पेंशन योजनाएं (वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन) प्रधानमंत्री योजना की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना और यह सुनिश्चित करना है कि पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। रथ यात्रा के माध्यम से आगरा लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। सीटू चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई हैं। लेकिन कई बार जानकारी के अभाव में पात्र लाभार्थी इनका लाभ नहीं उठा पाते। इसी कमी को दूर करने के लिए इस रथ यात्रा की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि यह रथ आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें ऑडियो-वीडियो माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। रथ यात्रा के दौरान विशेषज्ञों की टीम भी साथ रहेगी, जो लोगों की समस्याओं को सुनेगी और उन्हें योजनाओं के लिए आवेदन करने में सहायता प्रदान करेगी। इसके अलावा, मौके पर ही आवश्यक दस्तावेजों की जांच और पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेवानिवृत्त सीओ धर्मेन्द्र चौहान, श्याम सुन्दर परमार, अभिषेक सिंह, बंसत यादव आदि उपस्थित थे।

# शब्द स्वर वंदन में उठा आत्ममंथन का स्वर, युवा पीढ़ी को धर्म से जोड़ने पर जोर

## संगोष्ठी, काव्य और भजन के माध्यम से सनातन मूल्यों और सामाजिक सरोकारों पर हुआ चिंतन

एनएनआई




**आगरा।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विप्र फाउंडेशन एवं तारक सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुरामः शब्द स्वर वंदन कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति भवन, ललित कला संस्थान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संगोष्ठी, काव्य-पाठ तथा संगीतमय भजन संध्या के माध्यम से सनातन संस्कृति, आध्यात्मिकता और सामाजिक मूल्यों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. बल्देव भाई शर्मा (पूर्व कुलपति कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय तथा पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली), मुख्य वक्ता महंत योगेश पुरी (श्री मनकामेश्वर मठ), प्रो. लवकुश मिश्रा (डीन, स्टूडेंट्स फॉरेन अफेयर्स, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर यूनिवर्सिटी), मधुकर चतुर्वेदी (संगीतज्ञ) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। काशी विश्वनाथ के मंगलाचरण को स्वर प्रदान करते हुए प्रो. उमापति दीक्षित (अध्यक्ष, तारक सेवा संस्था) द्वारा कार्यक्रम की आध्यात्मिक शुरूआत हुई।

महंत योगेश पुरी ने समाज में बढ़ती धार्मिक उदासीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम अपनी परंपराओं और प्रतीकों को अपनाने में संकोच महसूस करते हैं, जबकि अन्य धर्मों के अनुयायी अपनी आस्थाओं के प्रति पूर्ण निष्ठा रखते हैं। उन्होंने समाज में बढ़ती समस्याओं के समाधान के लिए परिवार और समाज दोनों स्तरों पर सुधार की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यदि घरों में धार्मिक वातावरण और आचार्यों का मार्गदर्शन नहीं होगा, तो सनातन संस्कृति का संरक्षण कठिन हो जाएगा। मुख्य अतिथि प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पढ़ने-लिखने की प्रवृत्ति में गिरावट आई है, जो समाज के बौद्धिक विकास के लिए चिंताजनक है। उन्होंने भारतीय समाज की सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए गहन अध्ययन की आवश्यकता बताई। प्रो. लवकुश मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अपने परिवार और समाज के प्रति कर्तव्य होते हैं, जिन्हें दिखावे के बजाय वास्तविक ज्ञान और समर्पण के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में व्याप्त कमियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर डॉ मनोज पांडेय, डॉ. अजीत कुमार पांडे, बृजेश चतुर्वेदी, प्रभु दत्त उपाध्याय, अशोक गोयल, जितेंद्र फौजदार, मोनिका तिवारी, संतोष तिवारी, आचार्य उमाशंकर पाराशर, संजय कुमार, प्रकाश, रामकुमार सिद्धार्थ, अवधेश उपाध्याय, डॉ. मथुरा प्रसाद गौतम, लक्ष्मण चौधरी, वंदना चौधरी, प्रो बीके सिंह, शाहतोष गौतम, निर्मला दीक्षित, राहुल चतुर्वेदी, निधि चतुर्वेदी, बीआर शर्मा, सीमा शर्मा, हिमानी चतुर्वेदी, मीना शर्मा, प्रदीप, अदिति, आलोक, जयंत, रवि चौबे, निशांत चतुर्वेदी, डॉ आनंद राय, राकेश निर्मल, डॉ. रामेंद्र शर्मा, रवि आदि उपस्थित रहे।

# पंचगव्य वितरण सेवा की शुरूआत



**आगरा (एनएनआई)।** श्री चिन्ताहरण गौशाला ज्यपुर हाउस पर देशी गिर गौमाता का आगमन हुआ है उसी संदर्भ में हवन पश्चात देशी गिर गौमाता का गौपूजन तत्पश्चात पंचगव्य वितरण कार्यक्रम तत्पश्चात प्रसादी का कार्यक्रम रहा। सभी भक्तजनों ने सपरिवार पधारकर गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में सबसे महत्वपूर्ण बात पंचगव्य वितरण सेवा की शुरूआत की गई यह सेवा पिछले 10 12 वर्षों से कमला नगर क्षेत्र में चल रही थी उसी क्रम में श्री चिंताहरण महादेव गौशाला से आगरा पर यह सेवा नियमित रूप से प्रातः 8 बजे चला करेगी। पंचगव्य औषधि से विभिन्न प्रकार के असाध्य रोग ठीक होते हैं । इसमें सबसे महत्वपूर्ण कैंसर जैसी बीमारियां का भी ठीक होना पाया गया है। यहाँ गिर गौमाता से प्राप्त पाँच पवित्र तत्वों दूध, दही, घी, गौमूत्र एवं गौरस से तैयार पंचगव्य नियमित रूप से उपलब्ध रहेगा। आयुर्वेद एवं पारंपरिक भारतीय जीवनशैली में इसका उपयोग प्राचीन काल से होता आया है और इसके अनेक लाभ बताए गए हैं। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुनेंद्र जादौन,अशोक गोयल, पुष्पांजलि ग्रुप के चेयरमैन वी डी अग्रवाल,अंकित गोयल,लाखन सिंह, सुमित सक्सेना,सुनील अग्रवाल, पप्पू पंडित, गौरव गुप्ता, वरुण प्रजापति, धन्नामल जी आदि लोग उपस्थित रहे।

